## संक्षिप्त

### स्कूटी सवार महिला के गले से चेन तोड़ी

**जयपुर।** विधाधर नगर इलाके में बाइक बदमाश चलती स्कूटी पर एक महिला की चेन तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया साकेत कॉलोनी, मुरलीपुरा निवासी पिंकी शर्मा ने रिपोर्ट दी है कि 16 अप्रैल की रात करीब 9 बजे अपनी सास को स्कूटी पर बिठा कर बियानी कॉलेज की तरफ से घर जा रही थी। इस दौरान केसरी मोबाइल के पास बाइक सवार बदमाश चलती स्कूटी पर पीछे बैठी सास के गले पर झपट्टा मार सोने की चेन तोड़ ले गए। वहीं, मुरलीपुरा इलाके में गौरस भंडार के पास बाइक सवार स्नेचर दिलीप सिंह का मोबाइल छीन ले गए। इधर, सांगानेर सदर थाना क्षेत्र में सीतापुरा स्थित ग्लोबल सर्किल के पास 16 अप्रैल की रात करीब 10 बजे बाइक सवार बदमाश मोहन लाल का मोबाइल छीन ले गए।

### पार्षद दुलारिया ने 35 पट्टे बांटे

**जयपुर।** ग्रेटर निगम के वार्ड 31के पार्षद लादूराम दुलारिया ने कृष्णा कॉलोनी स्कीम नंबर 1 से 3 तक के लोगों को पट्टे वितरण किए गए। जिसमें मुख्य रुप से उमेश देवतवाल, लादूराम सोकरिया, सोनी देवी ठेकेदारनी, रामदेव, मोहनलाल, जीवन और सुखदेव व कमला देवी समेत अन्य लोगों को 35 पट्टे दिए गए। कृष्णा कॉलोनी के निवासियों ने मिठाइयां बांटकर और फूल मालाएं पहनाकर पार्षद दुलारिया का स्वागत किया।

### वाहन चोर गिरोह के 2 बदमाश दबोचे

**जयपुर।** मानसरोवर थाना पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके पास से चोरी की पांच बाइक बरामद की है। वहीं, पुलिस पूछताछ में आरोपियों से करीब एक दर्जन से अधिक वाहन चोरी की वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है। डीसीपी (साउथ) योगेश गोयल ने बताया आरोपित गौरव शर्मा (20) निवासी महवा और जगमोहन मीणा (24) निवासी खौचपुरी जिला दौसा को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से चोरी की पांच बाइक बरामद की गई है।

### कैफे संचालक का अपहरण किया

**जयपुर।** रामनगरिया इलाके में बदमाश एक एक कैफे संचालक का अपहरण कर ले गए। जांच-अधिकारी एएसआई छुट्टन लाल ने बताया गांव गंभीरा जिला सवा माधोपुर निवासी सुनील गंभीरा (20) अपनी बुआ के लड़के नाहर सिंह के साथ इलाके स्थित 7 नंबर बस स्टैंड के पास कैफे का संचालन करता है। घटनाक्रम के मुताबिक 16 अप्रैल की रात करीब साढे 10 बजे बलराम मीणा अपने साथी सहित गाड़ी से आया और मारपीट कर सुनील का गाड़ी में अपहरण कर ले गया। पुलिस का कहना है संभवतया आपसी लेन देन के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### धोखाधड़ी मामले में महिला गिरफ्तार

**जयपुर।** प्रताप नगर पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपित महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया गिरफ्तार महिला रेखा देवी (58) विजय नगर जिला पटना बिहार हाल कृष्णा नगर, मोतिहारी जिला पूर्वी चम्पारण, बिहार की रहने वाली है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

### नौकरी के नाम पर 20 लाख रु. हड़पे

**जयपुर (कासं)।** विधाधर नगर इलाके में एक व्यक्ति से नौकरी के नाम पर 20 लाख रूपए हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया बालाजी बिहार-11, विधाधर नगर निवासी वीरेंद्र सिंह ने इस्तगासे के जरिए रिपोर्ट दी है। आरोप है परिचित कमल किशोर ने उसके भाई को सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 20 लाख रूपए हडप लिए और अब तक नौकरी नहीं लगवाई। रूपए मांगने पर आनाकानी करता है।

### जमीनी धोखाधड़ी में 2 आरोपी पकड़े

**जयपुर।** बजाज नगर पुलिस ने जमीनी धोखाधड़ी के मामले में 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया आरोपित जयकरण पूनियां (48) निवासी मोतीनगर, चित्रकूट और रामकरण चौधरी (49) निवासी अरावली पथ, मानसरोवर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने पूर्व में गिरफ्तार मास्टरमाइंड सुनील जैन द्वारा कराए गए फर्जी दस्तावेजों पर गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए थे।

# पुलिस वाहन को टक्कर मारकर जवानों को कुचलने की कोशिश

## भांकरोटा इलाके में कार सवार बदमाश ने वारदात को अंजाम दिया

- आरोपी ने अपनी गाड़ी आगे-पीछे लेकर पुलिस की जीप को कई बार टक्कर मारी
- बदमाश को पकड़ने के लिए पुलिस ने पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आ सका

**जयपुर (कासं)।** भांकरोटा इलाके में पुलिस टीम पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पुलिस गाड़ी (चेतक) को कार सवार बदमाश ने सामने से टक्कर मारी। कई बार आगे-पीछे लेकर टक्कर मारकर आरोपी फरार हो गया। भांकरोटा पुलिस ने बदमाश को पकड़ने के लिए पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। पुलिस ने एक संदिग्ध कार को जब्त करने के साथ हमल कर भागे कार सवार की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि हेड कॉन्स्टेबल सोहनलाल, कॉन्स्टेबल ड्राइवर संदीप कुमार और कॉन्स्टेबल अजय सिंह पर जानलेवा हमला हुआ। गत 17 अप्रैल को पुलिस टीम के जवान चेतक से गश्त कर रहे थे। सुबह करीब 4:15 बजे तरूछाया रेजीडेंसी के पास एक बीट कार रोड पर खड़ी थी। कार के पीछे की ब्रेक लाइट व सामने की बाये साइड की लाइट जली हुई थी। चैक करने पर स्टेयरिंग लॉक टूटा हुआ था। ड्राइवर साइड का शीशा खुला था। आस-पास चेक करने पर कोई भी व्यक्ति नहीं मिला।

इसी दौरान निर्माण नगर रोड की तरफ से रॉन्ग साइड से एक सफेद रंग की कार आती दिखाई दी। संदिग्ध प्रतीत होने पर कॉन्स्टेबल ड्राइवर संदीप ने लाइट डिप्पर का इशारा देकर रोकने का इशारा किया। तेजी से आ रही कार ने सामने से चेतक को टक्कर मारी। हेड कॉन्स्टेबल सोहनलाल व कॉन्स्टेबल अजय सिंह ने कार को रूकवाने का प्रयास किया। बदमाश ने कार को तीन-चार बार कार को आगे-पीछे कर चेतक को टक्कर मारी। पुलिस टीम के तीनों जवानों को जान से मारने का प्रयास किया।

टक्कर मारने के बाद अंधेरे का फायदा उठाकर अजमेर रोड की तरफ भाग गया। पुलिस टीम ने कार सवार को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन रिंग रोड पर नजरों से ओंझल होने से फरार हो गया। पुलिस ने रोड किनारे खड़ी मिली संदिग्ध कार को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवाया है। पुलिस टीम पर हमला करने वाले कार सवार बदमाश की तलाश की जा रही है।

## जेवरात के साथ दो चोर पकड़े

**जयपुर।** भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे से चुराए गए जेवरात सहित वारदात में प्रयुक्त एक बिना बाइक जब्त की है।

थानाधिकारी विनोद कुमार ने बताया आरोपित नासिर उर्फ नस्सू (32) और जमीन अहमद उर्फ बेवडा (70) निवासी ट्रांसपोर्ट नगर हाल खोह नागोरियान को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से चुराए गए सोने-चांदी के जेवरात जब्त किए गए है। आरोपित बिना नम्बर की बाइक से ज्वैलर्स शॉप में जाते हैं और आभूषण दिखाने की कहकर दुकानदार का ध्यान भटका कर जेवरात चोरी कर ले जाते हैं। आरोपियों ने करधनी, आमेर, करणी विहार थाना इलाके के सहित अन्य क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है। इधर, कोटखाबदा थाना पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी विजय सिंह ने बताया आरोपित घनश्याम उर्फ गन्या मीना निवासी रामनगर कोटखावदा और बाबूलाल उर्फ साल्या मीना निवासी रामनगर कोटखावदा को गिरफ्तार किया गया है।

# मारूति सुजुकी ने पेश की नई शक्तिशाली 'सुपर कैरी'

**जयपुर, (कासं)।** मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपने हल्के कॉमर्शियल वाहन सुपर कैरी का उन्नत संस्करण पेश करने की घोषणा की है। बेहतर गुणवत्ता और प्रदर्शन को महत्व देने वालों के लिए निर्मित, सुपर कैरी अब मारूति सुजुकी के उन्नत 1.2 लीटर, के-सीरीज डुअल जेट, डुअल वीवीटी इंजन द्वारा संचालित है।

मारूति सुजुकी का सुपर कैरी मिनी-ट्रक 4 सिलेंडर इंजन द्वारा संचालित है, जो अब पेट्रोल मॉडल में 6000 आरपीएम पर 59.4 किलोवाट की अधिकतम पावर और 2900 आरपीएम पर 104.4 एनएम का अधिकतम टॉर्क के साथ बेहतर प्रदर्शन प्रदान करता है। नए इंजन को उन्नत फाइव-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन से जोड़ा गया है, जो बेहतर ग्रेडेबिलिटी प्रदान करता है जिससे ग्राहको को पहले की तुलना में अधिक बेहतर ग्रेडिएंट ड्राइव का अनुभव मिलता है।

मारूति सुजुकी के मार्केटिंग एंड सेल्स शाखा के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि मारूति सुजुकी हमेशा ऐसे उत्पादों को पेश करने में भरोसा रखती है, जो ग्राहको की अपेक्षाओं से कहीं अधिक हो। भारतीय मिनी-ट्रक ग्राहकों की अनूठी जरूरतों के लिए निर्मित सुपर कैरी को कमर्शियल वाहन खंड में अच्छी तरह से स्वीकार किया गया है, 2016 में लॉन्च होने के बाद से इसकी 1.5 लाख यूनिट्स बिक चुकी है। नई सुपर कैरी ग्राहको को एक उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करना आगे भी जारी रखेगी।

शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि नई सुपर कैरी के लॉन्च के साथ, मारूति सुजुकी ने एक नया सीएनजी कैब चेसिस वेरिएंट भी पेश किया है। ये मिनी ट्रक सीएनजी डेक, गेसोलाइन डेक और गैसोलाइन कैब चैसिस वेरिएंट में उपलब्ध है। नई सुपर कैरी एक भरोसेममंद मिनी ट्रक है, जो फ्रंट डिस्क ब्रेक्स, रिवर्स पार्किंग सेंसर और सीट बेल्ट रिमाइंडर्स जैसे सेफ्टी फीचर्स के साथ एक नए इंजन इमोबिलाइजर सिस्टम से सुसज्जित है बेहतर गतिशीलता को सक्षम बनाने के लिए, हल्के संचालन के साथ एक बड़ा स्टीयरिंग व्हील ड्राइविंग को आरामदायक बनाता है। कार जैसा स्मूथ गियर शिफ्ट और बेहतर राइड कम्फर्ट इसके आकर्षण को बढ़ाता है।

# पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने मानसिक विमंदित बच्चों की संस्था का निरीक्षण किया




**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर स्थित सोसायटी फॉर वेलफेयर ऑफ मेंटली हेन्डीकेप्ड द्वारा संचालित श्रीनिर्मल विवेक विशेष विद्यालय, हॉस्टल एवं वी.टी.सी. में वर्तमान में विभिन्न श्रेणियों के विशिष्ट बच्चे शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संस्था विशिष्ट बच्चों के उत्थान के लिए विगत 34 वर्षों से इस क्षेत्र में निरन्तर प्रयासरत है।

संस्था द्वारा संचालित श्रीनिर्मल विवेक स्पेशल स्कूल, हॉस्टल एवं वी.टी.सी. का अवलोकन आज पूर्व राष्ट्रपति के द्वारा किया गया।

पूर्व राष्ट्रपति का संस्था परिसर मेमं विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं संस्था के कार्यकारी सदस्यों के साथ उपाध्यक्ष वी.सी.मेहता ने पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द का भावभीना स्वागत किया।

पूर्व राष्ट्रपति ने संस्था के संस्थापक स्व. श्रीपाल चन्द मेहता एवं स्व. निर्मला मेहता को पुष्पांजलि अर्पित की, तत्पश्चात स्कूल में संचालित कक्षाओं, खिलौना बैंक, स्मार्ट रूम, म्यूजिक रू एवं वी.टी.सी.का अवलोकन किया व बच्चों से बात की। आई.सी.श्रीवास्तव (से.नि.आई.ए.एस) ने अपने स्वागत सम्बोधन में संस्था प्रारंभ करने के लिए स्वर्गीय श्रीपाल चन्द मेहता एवं संस्था परिसर के लिए भूमि उपलब्ध करवाने के लिए पूर्व मंत्री भंवरलाल शर्मा का आभार प्रदर्शित किया।

संस्था के विशिष्ट बच्चों के द्वारा एक नृत्य नाटिका एवं पंत्रतन्त्र की कहानी की प्रस्तुति दी गई, जिसकी सभी ने सराहना की।

# मनमोहन हर्ष ने जीता 'फर्स्ट रनर अप' प्राइज



मनमोहन हर्ष

**जयपुर (का.सं.)।** स्वामी विवेकानंद की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस, 12 जनवरी 2023) पर यूथिस्थान फाउंडेशन, नई दिल्ली की ओर से आयोजित नेशनल लेवल आर्टिकल राइटिंग कॉम्पिटिशन 'द ट्रेलब्लेजर्स 2023' में राजस्थान के मनमोहन हर्ष ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त कर 'फर्स्ट रनर अप' पुरस्कार जीता है।

मनमोहन हर्ष के स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केन्द्रित आलेख स्वामी विवेकानंद का जीवन संदेश सकारात्मक ध्वनियों-सद्विचारों का सार्वभौमिक कोष को कॉम्पिटिशन के निर्णायक मंडल की ओर से शीर्ष दो आलेखों में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि पर यूथिस्थान फाउंडेशन की ओर से हर्ष को 'सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस, ट्रॉफी और पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। राजस्थान सूचना एवं जनसम्पर्क सेवा के अधिकारी मनमोहन हर्ष, वर्तमान में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर में उप निदेशक (जनसम्पर्क) के पद पर कार्यरत है। हर्ष, गत 33 वर्षों से देश की प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में स्वतंत्र लेखक, स्तंभकार और टिप्पणीकार (फ्रीलांसर) के रूप में खेल और समसामयिक विषयों पर निरंतर अपना योगदान दे रहे है।

इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में पूरे देश से आठ भाषाओं में लगभग 600 प्रविष्टियां प्राप्त हुई। कॉम्पिटिशन में स्कूली विद्यार्थियों से लेकर प्रोफेसर तथा प्रोफेशनल्स से लेकर रिटायर्ड सिविल सर्वेंट्स जैसे प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, इसमें गर्ल्स और महिलाओं की भागीदारी सर्वाधिक रही। यूथिस्थान फाउंडेशन द्वारा 21वीं सदी में स्वामी विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता, देश की प्रगति के संदर्भ में स्वामी विवेकानंद के कथन 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाएं' का युवाओं के लिए महत्व और भारत के पुनरुत्थान के शिल्पकार के रूप में विवेकानंद के योगदान की थीम पर आलेख आमंत्रित किए गए थे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की टीम गठित

## गहलोत की कांग्रेस सरकार द्वारा की गई वादाखिलाफी को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा 35 विधानसभा सीटों पर करेगा फोकस

**जयपुर।** भाजपा की ओर से विधानसभा चुनावों को लेकर पूरी कमर कस ली है। इसके लिए हाल ही भरतपुर में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा भरतपुर संभाग के बूथ और मंडल अध्यक्षों को जीत का मंत्र दिया। इसके साथ ही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चो भी चुनावों के लिए अपनी पूरी तैयारी कर ली है। मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष एम साजिद खान ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समाज के साथ की गई वादाखिलाफी के विरूद्ध भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा अल्पसंख्यक बाहुल्य 30-35 विधानसभाओं में पिछले 2 वर्षों से एक मुहिम चलाकर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। जिसे तेज करते हुए आगामी दिनों में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कांग्रेस सरकार के खिलाफ 30 विधानसभाओं में विरोध प्रदर्शन करेगा।

खान ने कहा कि उक्त 30-35 विधानसभाओं में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कार्यकारिणी एवं मण्डल अध्यक्ष गठित हो गये हैं एवं आगामी दिनों में विधानसभा प्रभारियों की घोषणा करके अल्पसंख्यक बाहुल्य विधानसभाओं में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कांग्रेस सरकार को घेरने का काम करेगा। अशोक गहलोत की कांग्रेस सरकार ने गत साढ़े चार वर्षों में जो वादाखिलाफी अल्पसंख्यक समाज से की है, उसे देखते हुए इस बार अल्पसंख्यक समाज का झुकाब भाजपा की तरफ रहेगा। उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ एक नारा भी दिया कि "वोट हमारा, राज तुम्हारा, नहीं चलेगा, नहीं चलेगा" इन विधानसभाओं में अल्पसंख्यक समाज का वोट 50 हजार से ज्यादा शुरू होकर सबसे अधिक वोट भरतपुर की कामां विधानसभा में लगभग 1 लाख 30 हजार तक है। उनमें अल्पसंख्यक बाहुल्य 30 विधानसभाए हैं। उनमें से हवामहल, किशनपोल, आदर्श नगर, सिविल लाईन, सीकर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, झुन्झुनूं, मण्डावा, जोधपुर, सरदारपुरा, पोकरण, जैसलमेर, बाड़मेर, शिव, चौहटन, बीकानेर दक्षिण, खाजुवाला, पुष्कर, मसूदा, टोंक, कोटा उत्तर, नागौर शहर, मकराना, डीडवाना, नगर, कामां, तिजारा, किशनगढ़बास, अलवर ग्रामीण, रामगढ़, सवाईमाधोपुर विधानसभा सीट हैं, जहां अल्पसंख्यक समाज का वोट बैंक ज्यादा है।

## पूर्व राष्ट्रपति ने संविधान उद्यान का भ्रमण किया

**जयपुर, (का.सं.)।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को राजभवन में संविधान उद्यान का भ्रमण किया। उन्होंने संविधान निर्माण से इसके लागू होने तक की ऐतिहासिक यात्रा को विभिन्न कला रूपों में जीवंत देखने के अनुभव को अद्भुत बताते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने संविधान उद्यान में संविधान लागू होने के विभिन्न चरणो के कला-रूपों को एक-एक कर देखा और उन्हें अनुकरणीय बताया।

कोविंद ने संविधान ग्रंथ के आवरण एवं उद्देशिका की निर्मित कलाकृति, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में संविधान सभा की बैठक के मूर्ति शिल्प, संविधान निर्माण और उससे जुड़ी संविधान समितियों की कार्यवाही, मूल संविधान की प्रति पर निर्मित भारतीय संस्कृति से संबद्ध कलाकृतियों से जुड़े मूर्तिशिल्प, छायाचित्रों आदि का बारीकी से अवलोकन किया।

संविधान उद्यान भ्रमण के बाद उन्होंने राज्यपाल कलराज मिश्र की संविधान के मूर्तरूप की इस पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी प्रशंसा की। पूर्व राष्ट्रपति को राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्दराम जायसवाल ने संविधान उद्यान के निर्माण और इसके विभिन्न पक्षों के बारे में जानकारी दी।

# 5 हजार सी.एच.ओ. ने घेरा स्वास्थ्य भवन



**प्रदेशभर से आए करीब पांच हजार कम्यूनिटी हैल्थ ऑफिसर ( सी.एच.ओ. ) ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को जयपुर में स्वास्थ्य भवन का घेराव किया। ऑल इंडिया मेडिकल स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष और सी.एच.ओ.फैडरेशन के संरक्षक भरत बेनीवाल के नेतृत्व में यह कार्मिक स्वास्थ्य भवन पर एकत्रित हुए और नारेबाजी की। इसके बाद मिशन निदेशक एन.एच.एम. सुधीर कुमार शर्मा व और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में 7 सदस्य प्रतिनिधि मंडल की वार्ता करवाई गई, जहां कई मुद्दों पर बातचीत हुई।**

## सार-समाचार

### राजस्थान पुलिस हेकाथान पोर्टल शुरू

**जयपुर (कासं)।** पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने मंगलवार को राजस्थान पुलिस स्थापना समारोह में 'पुलिस हेकाथान पोर्टल' का शुभारंभ किया। राजस्थान पुलिस अकादमी सभागार में सेमीनार को करते हुए मिश्रा ने कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है और वर्तमान साइबर युग मे साइबर अपराध के खतरों को देखते हुए डिजिटल जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। पुलिसकर्मियों को भी साइबर सम्बन्धित ज्ञान आवश्यक है। नई तकनीक के बढ़ते उपयोग को देखते हुए उन्होंने सभी नए तरीकों को सीखने पर बल दिया। डीजीपी साइबर सुरक्षा डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि पुलिस बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए व्यापक पैमाने पर कार्य कर रही है। पिछले दिनों मेवात क्षेत्र में करीब एक लाख 28 हजार सिम और एक लाख मोबाईल सेट को अनएक्टिव किया गया। प्रदेश के सभी जिलों में साइबर थाने स्वीकृत किये गए हैं एवं 50 करोड़ रुपये की लागत से सेन्टर फ़ॉर साईबर सेक्युरिटी की स्थापना की जा रही है। उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस हेकाथान पोर्टल के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर डिजिटल जागरूकता को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस इंटर्नशिप प्रोग्राम के माध्यम से युवाओं को जोड़कर उनके विचारों पर भी कार्य कर रही है।

### प्रथम पूज्य गणेशजी को न्यौता दिया

**जयपुर।** भगवान परशुराम का जन्मोत्सव के उपलक्ष में विद्याधर नगर के श्री परशुराम सर्किल से रविवार 23 अप्रैल को शाम 6 बजे छठीं ध्वज शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। शोभायात्रा के लिए प्रथम पूज्य मोतीडूंगरी गणेश जी को निमंत्रित किया गया। इसके साथ ही घर-घर में पीले चावल देकर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। मंगलवार को विप्र बंधुओं ने विप्र कल्याण बोर्ड के चैयरमेन महेश शर्मा को उनके कार्यालय में आमंत्रित किया। गाजेबाजे और लवाजमे के साथ निकाली जाने वाली शोभायात्रा से बैंडवादन के साथ भगवान परशुराम जी की महाआरती की जाएगी। इसके बाद जयकारों के साथ शोभायात्रा रवाना होगी। भगवान श्री परशुराम मुख्य रथ पर आशीर्वाद देते हुए नजर आएंगे। इसमें मातृ शक्ति एक ही वेशभूषा में होंगी, वहीं युवा शक्ति वाहन रैली के रूप में पीछे चलेंगी। समाज के लोग हाथों में केसरिया ध्वज लिए जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में साथ चलेंगे। जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा। मार्ग में अनेक स्थानों पर आतिशबाजी भी होगी। शोभायात्रा अलका सिनेमा, रोड नंबर 2 लाल डिब्बा चौराहा मुरलीपुरा सर्किल, केडिया पैलेस चौराहा होते हुए रामेश्वर धाम के गौड़ विप्र समाज भवन पहुंचेगी।

### लालसोट में अति.कलेक्टर कार्यालय

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दौसा जिले के लालसोट में अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस कार्यालय के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार में 4 तहसीलें (लालसोट, निर्झरना, रामगढ़ पचवारा, राहुवास), 15 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 57 पटवार मंडल तथा 321 राजस्व ग्राम होंगे। गहलोत के इस निर्णय से आमजन को प्रशासनिक कार्यों को स्थानीय स्तर पर ही करवाने में सुगमता आएगी तथा सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।

# पेट्रोल भरवाकर भागती कार से लटका सेल्समैन

- दूसरे कर्मचारी ने कार का पीछा किया तो बदमाशों ने सरेराह मारपीट की

**जयपुर।** मुहाना इलाके में कार सवार युवकों ने 4 हजार रुपए के लिए पेट्रोल पंप कर्मचारी की जान जोखिम में डाल दी। जब बदमाश पेट्रोल भरवाकर फरार होने लगे तो पंपकर्मी कार की खिड़की से लटक गया, जिसे आरोपी लटकाकर घसीटते हुए ले गए। कर्मचारी ने खिड़की नहीं छोड़ी तो उसके हाथ पर चोट मारी, फिर चलती गाड़ी से उसे नीचे गिरा दिया। कर्मचारी ने पीछा किया तो सुनसान इलाके में कार रोककर उसकी पिटाई भी कर दी। इस दौरान कलेक्शन के करीब 50 हजार रुपए लूट लिए। मुहाना थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि मुहाना मंडी गेट के पास स्थित पेट्रोल पंप पर सोमवार रात यह वारदात हुई है। सागर वैष्णव और पिंटू नाम के कर्मचारी पंप पर पैट्रोल भर रहे थे। इसी दौरान एक लग्जरी कार आई। कार में चार से पांच लड़के सवार थे। उन्होंने करीब चार हजार रुपए का पैट्रोल डलवाया। पैट्रोल डलवाने के बाद बिना रुपए दिए ही वे लोग फरार हो गए। पेट्रोल पंप के कर्मचारी सागर ने कार का गेट नहीं छोड़ा और वह खिड़की से लटक गया। युवकों ने कार इतनी तेजी से दौड़ाई कि सागर तेजी से सड़क पर गिरा। उसके हाथ, पैर और सिर में चोट लगी।

पेट्रोल पंप के कर्मचारी पिंटू ने एक बाइक सवार की मदद से कार का पीछा किया। कार कुछ दूरी पर जाकर रुक गई। पिंटू के विरोध करने पर कार सवार लड़कों ने उसे पीटा। उसका करीब पच्चीस हजार रुपए का मोबाइल तोड़ दिया। दिनभर के कलेक्शन के करीब पचास हजार रूपए लूट लिए। इस बीच पिंटू की मदद करने वाले बाइक सवार युवक को भी दौड़ा दिया। इसके बाद पीड़ितों ने थाने में मामला दर्ज कराया।

# आयुक्त अरोड़ा ने आवास योजनाओं की प्रगति जानी

**जयपुर (कासं)।** आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने मंगलवार को आवासन मंडल मुख्यालय पर अधिकारियों की बैठक लेकर प्रदेश भर में चल रही आवासीय-व्यवसायिक व नवीन योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की।

आयुक्त ने कहा कि प्रदेश के 17 शहरों में 1 मार्च को लांच की गई नवीन आवासीय योजनाओं के प्रति लोगों ने खासा उत्साह दिखाया है। जयपुर शहर में अपार्टमेंट और विलाज के प्रति भी लोगों में गजब का आकर्षण देखने को मिला। उन्होंने 12 योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा 13 योजनाओं के लिए लॉटरी निकालने के निर्देश भी दिए। अरोड़ा ने लॉटरी से वंचित रहे उपभोक्ताओं की राशि तुरंत रिफंड करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान आवासन मण्डल ने विभिन्न योजनाओं के असफल आवेदकों की अमानत राशि को 72 घंटों में उनके खाते में ऑटोमैटिक भेजने का रिकॉर्ड कायम किया है। बुधवार नीलामी उत्सव में भी असफल आवेदकों की अमानत राशि महज 72 घण्टे में स्वतः ही रिफण्ड हो जाती है। उन्होंने इस प्रक्रिया को इन योजनाओं के साथ भी अमल में लाने के निर्देश दिए। आवासन आयुक्त ने शहरों में योजनाओं से सम्बन्धित हेल्प डेस्क को भी मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य अभियंता केसी मीणा, जीएस बाघेला, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर, अति. मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल मौजूद थे।